तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 14 अगस्त 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 देशभक्ति से ओतप्रोत गगनभेदी नारे के साथ...



12 कर्मचारियों की लंबित मांगों का नपाध्यक्ष...



## खबर संक्षेप

### गंदगी करने से मना किया तो दो लोगों की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** गंदगी करने से मना करने पर दो लोगों ने एक व्यक्ति से मारपीट कर दी। मामला ग्राम खरोरा का है। घटना को लेकर पीड़ित की पत्नी ने कोतवाली महासमुंद में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि कांति बंजारे पति गोपी बंजारे निवासी ग्राम खरोरा ने शिकायत की है कि 12 अगस्त को रात्रि करीबन 8 बजे उसकी पड़ोस में रहने वाली ननद लक्ष्मी पटेला ने आकर बताया कि कि गोपी बंजारे के साथ शिवकुमार धृतलहरे और भुवन बंजारे गाली गलौज, मारपीट कर रहे है। जब प्रार्थिया ने मौके पर जाकर देखा तो आरोपी गोपी के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे थे। जिससे महिला के पति के सिर में, पीठ में, कमर में, दोनों हाथों एवं सीने में चोट लगी है। पूछताछ में महिला को उसके पति ने बताया कि आरोपियों को जब मैने हमारे आने जाने के रास्ते में गंदगी करने से मना किया तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बिरकोनी में ट्रैक्टर चोरी

**महासमुंद।** ग्राम बिरकोनी में एक किसान की ट्रैक्टर चोरी हो गई। पुलिस को भक्तुराम साहू पिता रामा साहू ने बताया कि ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीजेड 7144 को मेरा लड़का लेखराम साहू चलाता है, उसने ट्रैक्टर को 8 अगस्त की शाम 5 बजे ग्राम बिरकोनी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 में 9एम फैक्ट्री के सामने खड़ाकर घर आ गया। दूसरे दिन 9 अगस्त को सुबह 6 बजे जाकर देखने पर उक्त स्थल पर ट्रैक्टर नहीं मिला। जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### खेत से मोटर पंप, केबल वायर एवं प्लेट के रॉड की चोरी

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के एक किसान ने मोटर पंप, केबल वायर एवं प्लेट के रॉड की चोरी की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। किशोर कुमार पटेल पिता हरिशंकर पटेल निवासी ग्राम कसहीबाहरा ने पुलिस को बताया है की उसने खेत किनारे अमली डिपरा खेत सूखानाला के पास क्रेडा द्वारा दिया गया सोलर सबमर्सिबल पंप सेट 3 एचपी लगाया था 11 अगस्त की रात किसी अज्ञात ने मोटर पंप, केबल वायर एवं प्लेट का रॉड चोरी कर लिया। जिसकी लागत राशि 50500 है। शिकायत के बाद अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध कायम किया है।

# बारिश थमने से तापमान में वृद्धि, गर्मी और उमस से लोग हो रहे हलाकान

## विभाग ने आगामी दिनों में मौसम में बदलाव के संकेत दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में पिछले चार दिनों से मौसम की बेरुखी से गर्मी और उमस गई है। बारिश के नाम पर महज कुछ मिनटों तक हल्की बूंदाबांदी हो रही है। बारिश ना होने से तापमान सामान्य से अधिक पहुंच गया है। आगे भी बारिश नहीं होने की स्थिति में धूप निकली तो गर्मी और उमस बढ़ सकती है। मंगलवार को भी सुबह से ही मौसम साफ रहा। इसके बाद दोपहर से तेज धूप ने गर्मी और उमस को बढ़ा दी है। हालत यह रही कि लोगों को कूलर और एसी चलाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

सावन माह में पहली बार गर्मी का एहसास हुआ। मंगलवार को धूप निकलने के बाद अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। । वहीं, रात का तापमान में भी एकाएक 5 डिग्री की बढ़ोत्तरी देखा जा रहा है। जिससे लोग गर्मी और उमस से हलकान होते रहें। दरअसल, जिले में लगातार बारिश का दौर पिछले चार दिनों से थम गया है। मंगलवार को भी धूप के साथ बदली छाई रही। लेकिन, इससे उमस बढ़ गई। सोमवार को सावन के बीच गर्मी का एहसास हुआ। दिन में धूप की चूभन महसूस होने लगी। वहीं, चिपचिपी गर्मी व उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया।

स्थिति यह रही कि दिन और रात का तापमान सामान्य से अधिक रहा। मौसम के इस अचानक बदलाव पर लोगों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि, मौसम विभाग ने एक-दो दिन में वर्षा की संभावना जताई है, जिससे थोड़ी राहत की उम्मीद जगी है। उम्मीद की जा रही है कि, वर्षा के साथ मौसम में सुधार होगा और जिलेवासियों को ठंडी और सुखद शाम का आनंद मिल सकेगा।

### एक-दो दिन में फिर लौटेगी बरसात

मौसम विभाग ने मौसम में बदलाव का संकेत पहले ही दे दिए थे। हालांकि, अब फिर से एक-दो दिन बाद बारिश लौटने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, दिल्ली, आगरा, ग्वालियर, डाल्टनगंज, दीघा और उसके बाद पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। । एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण झारखंड और उसके आसपास 5.8 किमी ऊंचाई पर स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में 13 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।



## विडंबना: एक योजना को मिल चुकी है स्वीकृति लेकिन, जगह का चिन्हांकन नहीं

# फुटबॉल मैदान निर्माण के लिए दो-दो प्रस्ताव, दोनों फाइलों में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खेलों इंडिया प्रोजेक्ट के तहत जिला मुख्यालय में फुटबॉल मैदान बनाने के लिए इस्टीमेट बनाकर दो-दो प्रस्ताव भेजा जा चुका है। खेल विभाग द्वारा वन विभाग के मैदान में बनाने के लिए सहमति मिल गई है। लेकिन, शासन से स्वीकृति नहीं मिली है। वहीं, नगरपालिका की ओर से बनाई गई योजना की स्वीकृति मिल चुकी है। लेकिन, अभी तक जगह का चिन्हांकन भी नहीं हो पाया है और फंड भी जारी नहीं हुआ है। इस लेटलतीफी के चक्कर में फुटबॉल मैदान फाइलों में कैद होकर रह गई है।

खेलो इंडिया प्रोजेक्ट के तहत वन विभाग के मैदान में दो साल फुटबॉल मैदान बनाने की योजना फाइलों से बाहर नहीं आ पा रही है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने एक साल पूर्व में 3.55 करोड़ रुपए का इस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा था। मैदान बनाने में लागत ज्यादा आने के कारण विभाग ने फिर से 6 करोड़ की लागत से अंतरराष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल मैदान बनाने के लिए इस्टीमेट बनाकर भेजा है। खेल विभाग को वन विभाग मैदान में बनाने के लिए सहमति भी मिल चुकी है। इसके बाद भी प्रक्रिया अब तक आगे नहीं बढ़ रही है। इधर, नगर पालिका ने भी 1.90 करोड़ में फुटबॉल मैदान बनाने की योजना बनाई है। इसके लिए बजट में भी प्रावधान किया गया है। लेकिन, फुटबॉल मैदान बनाने के लिए भी जगह का चिह्नांकन भी नहीं कर पाई है।



### खिलाड़ियों के लिए एक भी मैदान नहीं

शहर में कई प्रतिभावान फुटबॉल के खिलाड़ी हैं। जिनके अभ्यास करने के लिए मैदान की आवश्यकता है लेकिन, वर्तमान में शहर में फुटबॉल के खिलाड़ियों के लिए कोई मैदान नहीं है। फुटबॉल संघ द्वारा भी कई बार खेल मैदान की मांग की जा चुकी है। पूर्व में मिनी स्टेडियम में ही फुटबॉल खेलने खिलाड़ी आते थे। रखरखाव नही होने से खिलाड़ी वन विभाग के मैदान में अभ्यास करते हैं।

### सिंथेटिक टर्फ वाला होगा मैदान

दो साल पूर्व फुटबॉल मैदान बनाने की योजना पर खेल विभाग कोई काम नहीं कर पाया है। फुटबॉल खिलाड़ियों में मायूसी छाई हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल मैदान में सिंथेटिक टर्फ भी लगाने की योजना है। सिंथेटिक टर्फ एक प्रकार की कृत्रिम घास है। इससे खेल के दौरान खिलाड़ियों को चोट भी नहीं आएगी। नेचुरल घास खेल के दौरान कई बार उखड़ जाती है। सिंथेटिक टर्फ के घास नहीं उखड़ती।

### एक में फंड का अभाव, स्वीकृति नहीं

खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने बताया कि मैदान के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। वन विभाग द्वारा मैदान बनाने की सहमति भी मिल चुकी है। लेकिन, अब तक प्रस्ताव पर शासन का मुहर लगना शेष है। नगर पालिका के एई दिलीप कश्यप ने बताया कि फुटबॉल मैदान के लिए भी प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है, लेकिन स्वीकृति मिल गई है। लेकिन, फंड के अभाव में कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

# कीटनाशक दुकानों में गड़बड़ी, 9 को मिला नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के कृषकों को गुणवत्तायुक्त एवं उचित दर पर खाद, बीज एवं कीटनाशी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं उप संचालक कृषि महासमुंद के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय उड़नदस्ता द्वारा महासमुंद एवं पिथौरा विकासखंड के कीटनाशी दुकानों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान महासमुंद विकासखंड के प्रणव कृषि केंद्र मचेवा, ओंकार कृषि केंद्र बम्हनी, साहू कृषि केंद्र एवं आर.के. ट्रेडर्स लाफिनखुर्द, महेन्द्र कृषि केंद्र पासिद, दाउजी कृषि केंद्र महासमुंद एवं पिथौरा विकासखंड के महाराज कृषि सेवा केंद्र भगतदेवरी, प्रधान कृषि सेवा केंद्र बड़ेलोरम एवं चौधरी कृषि सेवा केंद्र परसवानी के द्वारा बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के कीटनाशी विक्रय करने एवं दुकान में मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करने के फलस्वरूप कीटनाशी नियम 1971 के प्रावधानानुसार कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

संबंधित फर्म को 03 दिन में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर संबंधित फर्म के लायसेंस निलंबन की कार्यवाही की जाएगी। जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल में डॉ. परमजीत सिंह कंवर सहायक संचालक कृषि, उमेश चंद्राकर कृषि विकास अधिकारी, भूषण साहू ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, ओमप्रकाश चंद्राकर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शामिल थे।

# बेलसोंडा में अतिक्रमण की होगी उच्चस्तरीय जांच

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 तथा पुराना पंचायत भवन के सामने बाजार स्थल मे किये गए अतिक्रमण कर्ताओं के विरुद्ध सख्त फैसला लेते हुए आंगनबाड़ी के सामने बने हुए सभी अवैध निर्माण को तोड़ने का निर्णय लेते प्रस्ताव पारित किया है। सरपंच भामिनी ने अवैध निर्माण तोड़ने के पहले अवैध निर्माण की उच्चस्तरीय जांच करने का भी प्रस्ताव पारित किया है ताकि अवैध निर्माण के समय तत्कालीन सरपंच की भी भूमिका लोगों को पता चल सके। सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने बताया कि उक्त स्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के कार्यकाल में स्वर्ण जयंती स्मारक बना हुआ था तथा स्वर्ण जयंती स्मारक को तोड़कर व्यावसायिक परिसर का रूप देते हुए बिना दस्तावेज के कब्जा करवाया गया है। शासकीय भूमि मे पंचायत भवन के सामने बाजार स्थल मे कब्जा होना तथा तत्कालीन सरपंच द्वारा इस मामले को गंभीरतापूर्वक न लेकर अतिक्रमणकारियों को खुली छूट देकर किसी भी प्रकार की कार्यवाई न करना समझ से परे है इसलिए इस पूरी प्रकरण से पर्दा हटाने के उद्देश्य से इसकी उच्चस्तरीय जांच बिठाने के लिए प्रस्ताव पारित करके जिलाधीश को पत्र प्रेषित किया गया। सरपंच भामिनी ने प्रस्ताव के तहत बलराम चंद्राकर, उनके भाई पोखन चंद्राकर, बिसहत चंद्राकर, दीपक चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर तथा अरुण कन्नौजे को दुकान खाली करने के लिए नोटिस जारी किया है ताकि उनके अवैध निर्माण के पीछे बने हुए आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 की जर्जर भवन का पुननिर्माण किया जा सके।सरपंच भामिनी ने व्यवसायियों के रोजी रोटी के संबंध में चर्चा में उन्होनें बताया कि अतिक्रमणकर्ताओं के अनुरोध पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उनके व्यस्थापन की पहल और पर विचार जरुर किया जाएगा। फिलहाल अतिक्रमण किन परिस्थियों में हुआ इसकी उच्चस्तरीय जांच आवश्यक है।

# स्वतंत्रता दिवस के लिए हुआ फुल ड्रेस रिहर्सल

**महासमुंद।** स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने स्वतंत्रता दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल में पुलिस, नगर सैनिक, एनसीसी, एनएसएस की कुल 11 टुकड़ियों में परेड की सलामी दी। रिहर्सल मिनी स्टेडियम में आयोजित की गई। रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, ध्वजारोहण, जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, पुरस्कार वितरण आदि का रिहर्सल किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू मंच बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय (मिनी स्टेडियम) महासमुंद में रिहर्सल सुबह 9 बजे शुरू हुई। फुल ड्रेस रिहर्सल में वही इंतजाम रहे जो 15 अगस्त को रहेंगे। यानि 15 अगस्त वाले दिन समारोह में भी करीब-करीब यही अरेंजमेंट रहेगा। जिले के 6 स्कूलों से बच्चे छत्तीसगढ़ी और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीत संगीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। आज उनकी भी रिहर्सल की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि होंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार स्वतंत्रता दिवस को सुबह 8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। 9 बजे वे ध्वजारोहण करेंगे। 9.03 बजे परेड का निरीक्षण, गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। मुख्य अतिथि 9.15 बजे मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। सुबह 9.35 मार्च पास्ट होगा। इस अवसर पर शहीद परिवारों का सम्मान भी किया जाएगा। सुबह 9.50 बजे उत्कृष्ट काम करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान करेंगे। सुबह 10 बजे कार्यक्रम का समापन होगा। समारोह एक घंटे तक चलेगा। कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह स्थल पर बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, गुब्बारे, बैंड इत्यादि अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए है।



**रेडक्रॉस का फाइनल रिहर्सल हुआः** स्वतंत्रता दिवस पर मिनी स्टेडियम में होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मार्च पास्ट प्रस्तुत करने के लिए शासकीय आशीबाई गोलछा कन्या उमावि महसमुंद का एनएसएस एवं रेडक्रॉस की छात्राओं ने शाला के रेडक्रॉस प्रभारी नोबल ध्रुव एवं मधुमति चंद्राकर के निर्देशन में फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल पूर्ण किया।

## कार्यक्रम में जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव भी हुए शरीक

# महारुद्राभिषेक में शामिल हुए पूर्व सीएम रमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा कराए जा रहे श्रावण मास में एक माह के महारुद्राभिषेक व हवन-पूजन कार्यक्रम में चतुर्थ सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह शामिल हुए। साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव और पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रसाद सिंह शामिल हुए। पूजन में आए अतिथियों के साथ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार सहित पूजा में सम्मिलित हुए। उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेतागण व नगर के नागरिक भी महारुद्राभिषेक में शामिल हुए। इससे पहले विधायक कार्यालय में अतिथियों का आगमन हुआ और विधायक व भाजपाजनों ने उनका स्वागत किया।

बता दें कि श्रावण मास में विशाल मेगा मार्ट परिसर व विधायक कार्यालय के पीछे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा विगत 8 वर्षों से महारुद्राभिषेक व हवन-पूजन कार्यक्रम करवाया जा रहा है। इस सोमवार श्रावण का चौथा सोमवार था, जिसमें पूजन के बाद रुद्राक्ष वितरण भी किया गया। इस सोमवार पूजन में शामिल होने के लिए दोपहर करीब 12 बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव विधायक कार्यालय पहुंचे। विधायक सहित पार्टी के वरिष्ठ नेतागण व पदाधिकारियों ने उनका आतिशबाजी कर स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित मुख्य पुरोहित पंडित जवाहर महाराज ने उनका मंत्रोच्चार के साथ तिलक लगाकर स्वागत किया। फिर वे महारुद्राभिषेक में शामिल हुए। पश्चात विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का आगमन हुआ। उनका भी आतिशबाजी व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद सभी महादेव की पूजन व आरती में शामिल हुए। इसके बाद किरण सिंह देव जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे। उनके साथ महामंत्री प्रदीप चंद्राकर और जगन्नाथ पाणिग्रही भी मौजूद रहे। किरण सिंह देव यहां भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मिले और उनके साथ बातचीत भी की। साथ ही संगठन के कार्यों की जानकारी भी ली।



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेतागण चुन्नीलाल साहू, पूनम चंद्राकर, चंद्रहास चंद्राकर, परेश बागबाहरा, डॉ विमल चोपड़ा, इंद्रजीत सिंह गोल्डी, संदीप दीवान, निरंजना शर्मा, मोती साहू, सतपाल सिंह पाली, रमेश साहू, प्रकाश शर्मा, प्रदीप चंद्राकर, झनक लाल साहू, नीलम दीवान, सुधा साहू, यतेंद्र साहू, बंटी शर्मा, पवन पटेल, देवीचंद राठी, मंगेश टांकसाले, सुनिता देवांगन, शुभ्रा शर्मा, महेंद्र जैन, मनीष शर्मा, माधवी सिका, विनोद रात्रे, शुभ्रा शर्मा, हरवंश सिंह, दिग्विजय साहू, महेंद्र सिका, हनीश बग्गा, नंदू जलक्षत्री, आनंद साहू, अभिषेक पांडे, आकाश पांडे सहित नागरिक उपस्थित रहे।

### विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी, व्याख्यान एवं मौन जुलूस कार्यक्रम आज लोहिया चौक में

**महासमुंद।** भाजपा शीर्ष संगठन के आह्वान पर 14 अगस्त को भाजपा द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम स्थानीय लोहिया चौक में दोपहर 2,30 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अतिथि पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। इस दौरान सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की उपस्थिति में 14 अगस्त 1947 को देश के बंटवारे की दर्दनाक त्रासदी पर आधारित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है। इसके बाद मौन जुलूस जो कि लोहिया चौक से नेहरू चौक,अंबेडकर चौक, बिठोबा टॉकीज, गांधी चौक होते हुए सभा स्थल लोहिया चौक में समाप्त होगा। विभाजन देश के विभाजन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी सुबह 11 से शाम 5 तक लोहिया चौक में होगी। इस कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप दीवान ने भाजपा एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं सहित, सभी सम्माननीय नागरिकगणों से उक्त आयोजन में उपस्थिति का आह्वान किया है।

### निःशुल्क कानूनी सलाह एवं सहायता के लिए टोल फ्री नंबर जारी

**महासमुंद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा समस्त नागरिकों के लिए हेल्प लाइन नंबर 15100 संचालित है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा ने बताया कि आमजनों के त्वरित कानूनी संबंधीत दुविधाओं से बचने के लिए विधिक सेवा पर आधारित यह एक अनूठा पहल है। सभी व्यक्तियों को सरल एवं सुलभ न्याय पहुँच पाए तथा जरूरतमंद लोगों को विधिक सहायता/सलाह दिलाए जाने के उद्देश्य से हेल्पलाइन नंबर-15100 संचालित है। समय 10 बजे से शाम 05 बजे तक नालसा हेल्प लाईन 15100 पर डायल किए जाने पर अथवा आपके द्वारा आपके जिले का नाम बताए जाने पर यह सीधे जिला स्तर पर संचालित प्रबंध कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिधारक अधिवक्ता द्वारा कॉल रिसीव किया जाएगा

हरिभूमि **पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

**खबर संक्षेप**



### बोलबल कांवरियों का किया स्वागत

**महासमुंद**। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बोलबम सेवा समिति पंडित जयलाल प्रसाद शर्मा वार्ड नंबर 22 के युवाओं द्वारा कौवाझर में शनिवार 10 अगस्त को शाम 6 बजे से सुबह 8 बजे तक बोलबम कांवरियों के लिए निःशुल्क सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आज

**महासमुंद**। नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग द्वारा स्वंतत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त को शहर के लोहिया चौक में एक नाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में शहीद परिवारों का सम्मान किया जाएगा और देशभक्ति गीत-संगीत कार्यक्रम के माध्यम से देश के शहीदों को याद किया जाएगा। श्रीमती महिलांग ने कार्यक्रम में शहर के सभी गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया है।

### शाला विकास समिति के अध्यक्ष बने अभिषेक



**महासमुंद**। भाजपा युवा नेता अभिषेक पांडेय को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की अनुशंसा से प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने शासकीय उच्च प्राथमिक शाला स्टेशन पारा महासमुंद का शाला विकास समिति अध्यक्ष नियुक्त किया है। पांडेय का प्रधानपाठक सुशील शर्मा सहित स्कूल स्टाफ ने स्वागत किया और उनकी नियुक्ति पर हर्ष जताया।

### शिशु संस्कार केंद्र का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद**। सेजेश में आयोजित रंगोली और समूह गीत, एकल गीत तथा नृत्य स्पर्धा में स्थानीय शिशु संस्कार केंद्र उमाशा के छात्रों ने रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं अ एवं कक्षा 11वीं ब की छात्रा पूजा शर्मा एवं निकिता यादव प्रथम स्थान प्राप्त किया, समूह गीत में शाला की कक्षा 9वीं की छात्राओं डिम्पल सोनी, खुशी शर्मा, भार्गवी यादव, तृप्ति बंजारे, सोनाक्षी बेहेरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं एकल गीत में विद्यालय कि छात्रा डिम्पल सोनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही हर घर तिरंगा रैली विद्यालय से होते हुए सेजेश पहुंची।

### जीवन कंडरा का निधन

**महासमुंद**। स्थानीय नया रावण भाठा निवासी जीवन लाल कंडरा



(72) का मंगलवार को निधन हो गया। वे श्रीमती फूलबती कंडरा के पति, पुरुषोत्तम कंडरा, पूषण कंडरा, कोमल कंडरा के पिता एवं हरिराम कंडरा का चाचा था। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया।

## कार्यक्रम : स्वतंत्रता दिवस के पूर्व हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा का आयोजन

# देशभक्ति से ओतप्रोत गगनभेदी नारे के साथ भाजपाइयों ने शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश जिला संगठन के आह्वान पर भाजपा शहर मंडल महासमुन्द में तिरंगा यात्रा बाइक रैली शहर के प्रमुख मार्गों में निकाली गई। तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा ,युवा मोर्चा, सभी मोर्चा प्रकोष्ठ सहित सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय, देशभक्ति भावनाओं से ओतप्रोत गगनभेदी नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा रैली में भ्रमण किया। विगत वर्षों से भाजपा पार्टी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पूर्व हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य समान भाव से हर नागरिक में राष्ट्रीय धर्म के साथ देशभक्ति भावना का जनजागरण और देश के राष्ट्रीय ध्वज को ससम्मान हर घर में फहराना है।





उक्त कार्यक्रम में महासमुंद के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा विधानसभा के संयोजक चंद्रहास चंद्राकर , जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, साहू,विधानसभा सह संयोजक संदीप दीवान, एतराम साहू, महासमुंद मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली, महासमुंद मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, महेंद्र जैन पार्षद,जिला महिला मोर्चा के अध्यक्ष सुधा साहू,जिला सहकारिता प्रकोष्ठ देवेंद्र चंद्राकर,जिला मंत्री निरंजना शर्मा,सुनीता साहू, रमेश साहू,मुन्ना साहू,पार्षद मीना वर्मा, पार्षद मनीष शर्मा, पार्षद देवीचंद राठी,मुन्ना देवार पार्षद,हरबंश नानू भाई ढिल्लो,शंकर चंद्राकर,विष्णु चंद्राकर, पार्षद हेमलता यादव, छाया चंद्राकर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष महासमुंद शुभ्रा शर्मा, भगवती करकसे, वाणी तिवारी, सोनाधर सोनवानी, बंटी शर्मा, गोपी कन्नौजे, हेमलता यादव, भाजयुमो जिला महामंत्री अमन वर्मा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री, डिगेश साहू, भाऊ राम साहू, आनंद साहू, नईम खान, रिखी राम ध्रुव, अरविंद प्रहरे,दिनेश रूपरेला,रोशन बग्गा, नोहर साहू, कुशाल साहू, विष्णु चंद्राकर, सात्विक वर्मा, जतिन रूपरेला , खुशाल ठाकुर, अंकुश गौर, शुभम बाघ,कुणाल सेन, आयुष दुबे, दादू,आकाश पांडे,अभिषेक पांडे,हेमक्रांति देवांगन,प्रहलाद यादव, हर्ष वर्धन गौतम,राजेश्वरी सिन्हा, निर्मला कुमारी आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## यूनिफार्म का बेल्ट पाकर अभ्यास स्कूल के बच्चों ने कहाः थैंक्यू मैडम



**महासमुंद**। स्कूल यूनिफार्म को संपूर्ण बनाने की दिशा में अभ्यास प्राइमरी स्कूल की प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र का योगदान प्रेरणास्पद है। उन्होंने अपनी सैलरी का एक हिस्सा स्कूल के बच्चों में खर्च करते हुए यूनिफार्म का बेल्ट खरीदा है।

बेल्ट में स्कूल का नाम प्रिंट है, जिससे बच्चों को स्कूल की पहचान मिली है। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के दिन से बच्चे नई पहचान के साथ स्कूल आएं इसके लिए डेमेश्वरी ने सभी बच्चों को उपहार स्वरूप बेल्ट प्रदान किया है। प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र की सहृदयता और समाजसेवा न केवल बच्चों के मनोबल को बढ़ाती है, बल्कि उनकी स्कूल यूनिफॉर्म को भी सुंदर बनाती है। बच्चों ने इस उपहार को पाकर खुशी व्यक्त की और कहा- थैंक्यू डेमेश्वरी मैडम।

## कर्मचारियों की लंबित मांगों का नपाध्यक्ष राशि ने किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त अधिकारी-कर्मचारी संघों की विभिन्न मांगों का नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने पूर्ण समर्थन करते हुए मांगों को अविलंब मंजूरी देने की मांग प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय से की है।

श्रीमती महिलांग ने कर्मचारियों की मांगों के संबंध में अपना समर्थन पत्र सौंपा है। नपाध्यक्ष महिलांग ने बताया कि राज्य के समस्त कर्मचारी संघों द्वारा केंद्र कर्मचारियों के समान जनवरी 2024 से 4 फीसदी महंगाई भत्ते की मांग, जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ता के एरियर्स राशि की जीपीएफ (भविष्य निधि खाता ) में समायोजन, केंद्र के कर्मचारियों के समान गृह भत्ता व



साथ ही सत्तारूढ़ भाजपा के घोषणा पत्र में उल्लेखित मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नकदीकरण 240 दिनों के स्थान पर 300 दिन किया जाए। उक्त वादे को लागू मंजूर करने की मांग की है। नपाध्यक्ष महिलांग ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारी प्रदेश विकास की कड़ी एक प्रमुख भूमिका अदा करते है। अतः उनके हितों को अविलंब मंजूर किया जाना चाहिए। समर्थन पत्र सौपे जाने पर कर्मचारी संघ के दिलीप चंद्राकर, सीताराम चेलक, करण यादव, नौशाद बख्श, नीतू प्रधान आदि मौजूद रहे।

# राज्य सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति बेरोजगारों के हक पर कुठाराघातः विनोद

### युक्तियुक्तकरण नीति से स्कूलों का बिगड़ेगा सेटअप, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से बच्चे होंगे वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि 33 हजार शिक्षकों की भर्ती करने का वादा भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के युवाओं से किया था। प्रदेश के युवा शिक्षक बनने की उम्मीद लगाए बैठे हैं, और इधर सरकार ने शिक्षक भर्ती से बचने तथा जो शिक्षक कार्यरत हैं, उन्हें पदोन्नति से वंचित करने रातो-रात प्रदेश के 4077 स्कूलों के युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी कर दिया है। सरकार के इस निर्णय से 33 हजार शिक्षकों की भर्ती भी ठंडे बस्ते में चला गया है। यही, नहीं भाजपा ने पूरी प्लानिंग कर इस कार्य को अंजाम दिया है, युवाओं के विरोध को दबाने 7 अगस्त को हाईकोर्ट में कैविएट भी दाखिल कर दिया गया। बैक डेट पर 2 अगस्त को युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी करने से ही भाजपा की मंशा जाहिर होती है। इससे शिक्षा विभाग का सेटअप छिन्न-भिन्न होगा।



वहीं, ग्रामीण इलाकों के बच्चे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से वंचित होंगे। चंद्राकर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण से शिक्षा की गुणवत्ता काफी हद तक प्रभावित होगी। सिर्फ एक प्रधान पाठक और एक सहायक शिक्षक के भरोसे नौनिहाल छात्रों का भविष्य कैसे संवरेगा। एक तरफ शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की बात करते हैं, दूसरी ओर इसके विपरीत अव्यवहारिक आदेश सरकार थोप रहे हैं। इस आदेश के विरोध में यदि न्याय के लिए कोई न्यायालय की शरण में जाए तो उसके पहले ही हाईकोर्ट में सरकार की ओर से केविएट दायर कर दी गई है।

चंद्राकर ने कहा कि पदोन्नति एवं नई नियुक्ति से बचने युक्तियुक्तकरण के नाम पर 7 अगस्त को हाईकोर्ट में केविएट लगा कर पुराने तिथि 2 अगस्त को युक्तियुक्तकरण करने का आदेश जारी करने के पीछे शासन की मंशा योजनाबद्ध ढंग से पुराने शिक्षकों को पदोन्नति देने से बचने तथा हजारों की तादात में बीएड एवं डीएड प्रशिक्षित बेरोजगारों को नौकरी से वंचित करने की साजिश है। सरकार नई भर्तियों से कतरा रही है जो राज्य के योग्य बेरोजगार युवाओं के हक पर कुठाराघात है। शासन द्वारा जारी नीति में अनेक विसंगतियां हैं। स्कूल शिक्षा के स्वीकृत सेटअप को ताक पर रखकर यह नीति बनाई गई है। यह सेटअप राजपत्र का भी खुला उलंघन है जो घोर निंदनीय व अमर्यादित है। यह सरकार स्कूलों की गुणवत्ता समाप्त कर निजी शिक्षण संस्थाओं को बढ़ावा दे रही है। जिससे बड़े व्यापारिक घरानों को लाभ पहुंचाया जा सके। यह निजीकरण की दिशा में बढ़ाया गया अलोकतांत्रिक कदम है। जिससे स्कूल के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित होगी और नौनिहाल बच्चों का भविष्य अधर में लटक जाएगा। शासन को स्वीकृत सेटअप के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग की गतिविधि को सुचारु रूप से गतिशील करना चाहिए।

### दिव्यांगजन प्रमाणीकरण शिविर लगा, 650 लोगों ने उठाया शिविर का लाभ

**महासमुंद**। जिले में दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण के लिए विभिन्न विकासखण्डों में शिविरों का आयोजन 12 अगस्त से 9 सितम्बर 2024 तक किया जा रहा है। इसी क्रम में 12 अगस्त को विकासखंड महासमुंद के ग्राम पंचायत झलप में दिव्यांग व्यक्तियों के प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, सहायक उपकरण चिन्हांकन, मूल्यांकन एवं यूडीआईडी कार्ड निर्माण हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 650 व्यक्ति सम्मिलित हुए। जिसमें 250 दिव्यांग व्यक्तियों का पंजीयन, 56 दिव्यांगों का प्रमाणीकरण, 40 दिव्यांग प्रमाण पत्र का नवीनीकरण, विभिन्न उपकरण के लिए 18 दिव्यांगों का चिन्हांकन, यूडीआईडी के लिए 119 फार्म संकलन किया गया। उक्त शिविर जिला प्रशासन के निर्देश पर एवं संगीता सिंह, उप संचालक समाज कल्याण तथा जनपद सीईओ बरन सिंह मण्डावी के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय महासमुंद के मेडिकल बोर्ड के समन्वय एवं जनपद पंचायत महासमुंद के समाज शिक्षा संगठक हेमराज सोनबेर एवं जनपद पंचायत के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# राज्य की बुनियादी शिक्षा को कमजोर करने की साजिश कर निजी स्कूलों को महत्व दे रही है भाजपा सरकारः आलोक

### युक्तियुक्तिकरण की आड़ में शासकीय स्कूलों को बंद करने की साजिश, शिक्षा को लेकर बीजेपी सरकार की मंशा पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव आलोक चंद्राकर ने कहा कि इन दिनों राज्य सरकार अजीबो गरीब निर्णय ले कर शिक्षा के स्तर को संकट में डाल रही है। युक्तियुक्तिकरण की आड़ में हजारों शासकीय स्कूलों को बंद करने का खेल खेला जा रहा है और शिक्षकों को जबरन अतिशेष बनाकर भटकने के लिए मजबूर किया जा रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा की एक प्राथमिक शाला जिसमें एक से पांच तक की कक्षाएं संचालित होती है उस शाला के लिए महज दो शिक्षकों का सेटअप तैयार करना आखिर सरकार की किस सोच को दर्शाता है। क्या एक प्रधान पाठक और एक शिक्षक एक प्राथमिक शाला का संचालन कर सकते है, ऐसे तुगलकी फरमान से एक बात तो साफ दिखाई दे रही है कि राज्य की बीजेपी सरकार को गरीबों के बच्चों से कोई सरोकार नहीं है। इस सरकार की सोच बच्चों को गुणवक्ता युक्त शिक्षा देने की नही है, बल्कि ये स्कूल की जगह सिर्फ दाल भात सेंटर चलाना चाहते हैं।

श्री चंद्राकर ने कहा एक तरफ कांग्रेस की भूपेश सरकार ने शिक्षकों की भर्ती और अनेक स्कूल अपने कार्यकाल में खोले। वही दूसरी तरफ बीजेपी की मोदी की गारंटी वाली डबल इंजन की सरकार आज शासकीय स्कूलों को युक्ति युक्तिकरण के नाम पर बंद कर हजारों शिक्षकों को अतिरिक्त शिक्षक बनाकर भटकने के लिए मजबूर कर रही है। ये सरकार आखिर कैसी शिक्षा देना चाहती है ये चिंतन का विषय है। शिक्षक भर्ती करने के बजाए शिक्षकों को



अतिशेष बताकर स्कूलों के सेटअप के साथ जबरदस्त बदलाव कर हजारों शिक्षकों को अतरिक्त दिखाकर आज राज्य सरकार प्रदेश के हजारों शिक्षकों को मानसिक रूप से परेशान कर के रखी है।

चंद्राकार ने कहा कि आज जब शिक्षकों को बच्चों की पढ़ाई में लगे रहना था। परंतु, राज्य सरकार प्रदेश के शिक्षकों को मानसिक रूप से युक्ति युक्तिकरण के नाम पर परेशान कर बच्चो की पढ़ाई को बाधित कर रही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि बीजेपी सरकार को गरीबों और उनके बच्चो की शिक्षा से कोई सरोकार नहीं है इस सरकार का उद्देश्य साफ है निजी स्कूलों को बढ़ावा देना इस लिए युक्ति युक्तिकरण की आड़ पर प्रदेश की पूरी शिक्षा व्यवस्था को खोखला करने का प्रयास किया जा रहा है जो कदापि उचित नहीं है। एक तरफ पूर्व की भूपेश सरकार की शिक्षा नीति पर गौर करे तो देखने को मिलता है शिक्षा प्रति समर्पण शिक्षा के स्तर को कैसे ऊंचे मुकाम में ले जाना और इसका साफ उदाहरण प्रदेश में खुले आत्मानंद शासकीय विद्यालय है। दूसरी तरफ बीजेपी सरकार की शिक्षा पर उनकी सोच साफ दिखाई दे रही है की इनको गांव के गरीब के बच्चों की शिक्षा से कोई सरोकार नहीं ये नही चाहते की गरीब का बच्चा पढ़ लिखकर आगे बढ़े इस लिए भाजपा सरकार शिक्षा की बुनियाद को ही कमजोर करना चाहती है बच्चा जब बुनियादी स्तर पर ही कमजोर हो जाएगा तो कैसे आगे की शिक्षा पूरी कर पाएगा। इस लिए स्कूलों में शिक्षक देने के बजाए शिक्षक अतिशेष कर बुनियादी शिक्षा की कमर तोड़ने का प्रयास कर रही है।



### नोविना ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

**बसना**। जिला पंचायत सभापति नोविनाअमृत जगत ने अपने जन्मोत्सव किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल बंसुला में छोटे-छोटे बच्चों के साथ केक काटकर अपना जन्म उत्सव मनाया। जिसमें से सभी बच्चों के साथ अपना बचपन को याद करते हुए बड़ा धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर बच्चों के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में एक वाटर फ्रीजर का घोषणा किया गया था, उसका भी ओपनिंग किया गया। जिसमें स्कूल समिति सदस्य ने आभार व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि कभी भी कुछ ऐसा काम होता है तो मैं पूरा सहयोग करूंगा। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक मैनेजर अमृत जगत, सेवक दास दीवान, अभय धृतलहरे, आरके दास, भगवती जगत, नंदिनी प्रधान, उषा बीसी, हसीना बेगन, बासमोती जगत, तन्नू निशा, सबनम, हेमा साव, दीपिका साव उपस्थित रहे।



### बोलबम कांवरियों के लिए जगराता का आयोजन

**महासमुंद**। विष्णुवल्लभ मित्र परिवार महासमुंद द्वारा ग्राम गाड़ाघाट में कांवरियों की सेवा के लिए जगराता का आयोजन किया गया। जिसमेंम कांवरियों ने ईशर गौरा, आमा पान के पत्री छतीसगढ़ी संगीतों पर थिरकते रहे। यहां पर कांवरियों समेत आम लोगों के लिए भी भंडारा का आयोजन किया गया। करीब 13 वर्षों से बोल बम कांवरियों की सेवा मे लगे सेवा दलों ने इस बार मीठा रसभरी, पुड़ी, पुलाव, सब्जी चाय, बिस्किट आदि की ब्यवस्था सुबह तक अनवरत की। बोलबम कांवरियों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन की सक्रियता देखते बनी एक ओर सेवदलों ने कावरियों की थकान मिटाने भक्तिमय आयोजनों के साथ जलपान की व्यवस्था की तो दूसरी ओर पुलिस प्रशासन ने सड़कों पर से भीड़ को नियंत्रित कर कांवरियों को सुरक्षित यात्रा कराने मे मदद की।




### लंबर में छात्र संघ शपथ ग्रहण समारोह

**सरायपाली**। दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर में छात्र संघ का गठन किया गया। इसमें मनीषा साहू शाला नायक, ललिका वास उपशालानायक, शशि बरिहा विज्ञान सचिव, दिनेश निषाद क्रीड़ा सचिव, रितु पटेल सांस्कृतिक सचिव, चंद्रशेखर साहू रेडक्रास सचिव, प्रशांत कुमार साहू स्काउट सचिव, कृष्णकुमार पटेल पर्यावरण एवं स्वछता सचिव, विद्या साहू छात्रा प्रीतिनिधि एवं करन दास मानिकपुरी एनएसएस दल नायक, हेमलता यादव एनएसएस दल नायिका बनाई गईं। कक्षा नायकों में क्रमशः रोशनी साहू नवमी, रश्मि साहू दसवीं, हेमकुमार साहू 11वीं कला, मनीष दास 11वीं विज्ञान, अंजू चौहान 12वीं कला एवं गायत्री साहू को 12वीं विज्ञान का कक्षा नायक बनाया गया। संस्था के प्राचार्य जीपी पटेल ने सभी पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा व्याख्याता आरके पटेल ने सभी पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य और विद्यालय के प्रति उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया। इस अवसर पर जेके जायसवाल, बीएल साहू, एमडी मानिकपुरी, टीआर जायसवाल, एलके साहू, सीआर जायसवाल, एलएस. सिदार, एके. चंद्रा, एफएस बरिहा, खिरोद्र सिदार तथा विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### स्वयंसेवकों ने निकाली नशामुक्ति रैली

**सरायपाली**। दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा प्राचार्य जीपी पटेल के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी आरके पटेल के नेतृत्व में नशामुक्ति रैली निकाली गई। रैली में रासेयो के सभी स्वयं सेवकों द्वारा नशा मुक्ति नारा लगाते हुए ग्राम भ्रमण किया गया तथा लोगो को नशे के कुप्रभाव से अवगत कराकर नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया। रैली में विद्यालय के समस्त शिक्षक, तथा स्वयंसेवकों ने भाग लिया था।



### बोलबम कांवरियों ने किया पौधारोपण

**नर्रा**। सावन मास के चौथे सोमवार को नर्रा के बोलबम बम कांवरियों ने जोंक नदी के शांकभरी व कालेश्वर मंदिर परिसर में फूल व मदार, मोंगरा शो पत्ती सहित अनेक प्रजाति के फूल के पोधों का रोपण किया। इस दौरान उप सरपंच नरेंद्र साहू, डिगेश पटेल, भागीराम तामसिंह, मिलन पटेल, दशरथ निषाद, मनमोहन, नील गौतम आदि मौजूद रहे।

### कुर्मी महिला समाज ने पौधारोपण

**महासमुंद**। चंद्रनाहू कुर्मी, महिला समाज द्वारा आँवला, बेल बरगद का पेड़



दर्री तालाब के किनारे रोपित किया गया। सुरक्षा के लिए जाली लगाकर हरित संकल्प लिया गया। इसमें मुख्य रूप से कुर्मी महिला समाज की अध्यक्ष रमा चंद्राकर, सुरेखा चंद्राकर, निरंजना चंद्राकर, मीना चंद्राकर, आशा, सती चंद्राकर, मोतिम चंद्राकर, सावित्री चंद्राकर, रेवती चंद्राकर, हुलसी चंद्राकर, निर्मला (विष्णु) चंद्राकर और समाज की अन्य महिलाएं सम्मिलित हुई।

# BHARTI VISHWAVIDYALAYA, DURG

Approved by - AICTE, NCTE, BCI, PCI / University Grants Commission (UGC), New Delhi

Bharti Group has been running many courses successfully for past 27 years...




**Law**
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

**Animation & Visual Effects**
- B.Sc.
- M.Sc.

**Engineering**

M. Tech. / B.Tech.
Polytechnic

- Civil
- CSE
- ET&T
- Mechanical
- Electrical
- Artificial Intelligence & Machine Learning

**Journalism**
- MAJMC
- BAJMC

**Hotel Management**
- MHM
- BHM

**Pharmacy**
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph.D.

**Library**
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

**Arts/ Science/ Commerce**
- B.Sc. / M.Sc. - All Subjects
- MBA
- BBA
- MPH
- DCA
- PGDCA
- BCA
- DSW
- B.A./ B.Sc./ B.Com.
- B.A./ B.Sc./ B.Com. (Hons) } As per NEP 2020
- M.A./ M.Sc./ M.Com. → All Subjects Inclu. Chhattisgarhi
- BSW
- MSW
- B.Stat.
- M.Stat.
- BRS
- MRS
- Forensic Science /Food & Nutrition

**Education**
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

**Film Making**
- B.A.
- M.A.

**Diploma Courses**
- Forensic Science
- Yoga Science
- Interior Design
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Corporate Law
- Digital Marketing
- Nutrition & Dietetics
- Multimedia & Graphic Animation

**Ph.D.** Available in all Subjects

**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery | **B.Sc. (Nursing)**
Affiliated to Ayush University, Raipur

**B.Tech. Agricultural** | **B.Sc. Agriculture**
Affiliated to IGKV, Raipur

Preference on Limited Seats for "Single Girl Child" in Admission as per University Norms.

Special Classes for Personality Development, Training, Placement & Entrepreneurship Development



www.bhartiuniversity.org

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

: 6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07

: Durg (Chhattisgarh)

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में महाविद्यालयीन छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विवेकानंद सभागार में अनुपयोगी चीजों से उपयोगी चीजों के निर्माण एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में एवं डॉ मालती तिवारी जिला संगठक राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना, सहायक प्राध्यापक राजनीति शास्त्र एवं डॉ दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष हिंदी के संयोजन में आयोजित किया गया।

प्राचार्य ने अपने उद्बोधन ने कहा कि कल्पना कला की जन्मदात्री है, कला अभिव्यक्ति का माध्यम है व बिना सौंदर्य की कलाकृति की कल्पना करना निरर्थक है। इस प्रकार सौंदर्य और कलाकृति एक दूसरे के पूरक है। कार्यक्रम के निर्णायक डॉ. रीता पांडेय विभागाध्यक्ष इतिहास, प्रदीप कन्हेर सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र व सहयोगी मृणाली चंद्राकर एवं शिवानी तावेरकर रहे। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।



पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का थीम न्यू एजुकेशन पॉलिसी एवं पर्यावरण में आरती ध्रुव कला, अंजू साहू एनईपी 2020, हेमा राय क्लाइमेट चेंज, पूनम साहू कला, जया बघेल पर्यावरण संरक्षण, भारती ध्रुव ऊर्जा संरक्षण पर अपने कला का प्रदर्शन किया। अनुपयोगी चीजों से उपयोगी चीजों के निर्माण में प्रेरणा साहू ने पेपर रबर बैंड एंड प्लास्टिक चम्मच से सीनरी, विभा घृतलहरे ने पेपर से झूमर, एंजेलिना कुरील ने पेपर से गुलदस्ता, नीलम घृतलहरे ने गुलदस्ता वॉल डेकोर, ऋतु साहू ने डब्बे से पर्स, भूमिका चंद्राकर ने कटोरी से गुलदस्ता, किरण साहू ने डाल से वाद्य यंत्र, विष्णु कुमार ने कप से व्हील चैप, सोनिया साहू ने पेपर से गमले, मनीष भोई ने बैग, भवानी सेठ ने जूट की रस्सी से घोंसला, दीपिका पटेल कागज से वाद्य यंत्र का निर्माण किया। एमए इतिहास के विद्यार्थी सोमनाथ नागेश पूर्णिमा एवं रुचि ने अपने पोस्ट का भी प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप



### महिलाओं ने की महादेव की पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सावन महीना के चौथे सोमवार को 12 ज्योतिर्लिंग बनाकर भगवान महादेव की पूजा अर्चना की गई। इसमें डाली, मोनिका, टीना, प्रियंका, गोदावरी, जय, ईशा, पायल, गायत्री, माधुरी, मीना, पूनम, ममता, अरुण, सुहातनी, देवकी, दुलारी, शिवकुमारी, उतरा, ममता, सरोज, कांति, माधुरी, कृष्ण, सरोज, दुर्गा, लीना, रेखा, गायत्री चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



### कर्मचारी संघ ने की कलेक्टर से मुलाकात

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार से सौजन्य भेंट की गई। इस अवसर पर परामर्श दात्री बैठक के लिए आग्रह किया गया। जिससे विभागों में लंबित समस्याओं को त्वरित निपटारा किया जा सके। मुलाकात के दौरान लघु वेतन कर्मचारी संघ से उमेश साहू जिलाध्यक्ष, नंदकुमार देवदास, मंतराम कंनौजे, अनूप कुमार यादव, सूरज एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



### नशामुक्ति के लिए दिलाई गई शपथ

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माशा नवागांव में नशामुक्त भारत के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण शाला के शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर द्वारा कराया गया। इसमें सभी छात्र-छात्राओं ने किसी भी प्रकार का नशा न करने का संकल्प लिया। शिक्षक अरुण कुमार साहू ने बच्चों को नशे से होने वाले विभिन्न प्रकार के बीमारियों एवं हानियों के बारे में बताया। अमर कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में घर परिवार में नशे के खिलाफ जागरूकता रहने का आह्वान किया। अवसर पर शाला के सभी छात्र-छात्राएं, रसोईया दया बाई, कुमारी बाई, हीरा भाई एवं सफाई कर्मचारी अमृत बाई उपस्थित थे।

### सामाजिक भवन में फहराया जाएगा तिरंगा

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री के घर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा सामाजिक भवन में भी तिरंगा फहराया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए गोस्वामी समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि 14 अगस्त दिन बुधवार को प्रातः 8 बजे गोस्वामी समाज भवन ग्राम कोसरंगी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। उन्होंने जिले के समस्त सामाजिक जनों से इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### ढीढी की 49 पुण्यतिथि पर पौधारोपण 16 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केंद्र द्वारा समाज सुधारक गुरु घासीदास बाबा के जयंती के जन्मदाता मंत्री दादा नकुलदेव ढीढी के 49 पुण्यतिथि के अवसर पर 16 अगस्त को प्रातः 10 बजे प्रतिमा स्थल भोरिंग चौक नगर पंचायत तुमगांव में श्रद्धा सुमन अर्पित कर प्रतिमा स्थल पर पौधरोपण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में पदाधिकारीगण एवं सामाजिकजन शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केंद्र के प्रदेश सचिव प्रकाश टंडन ने दी है।

## आस्था : 12 ज्योतिर्लिंग की पूजा अर्चना कर किया रुद्राभिषेक

# 2100 पार्थिव शिवलिंग बनाकर विश्व रिकार्ड बनाने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

नई मंडी प्रांगण में अघरिया समाज की महिलाएं सावन उत्सव कार्यक्रम के तहत पार्थिव शिवलिंग बनाकर विश्व रिकार्ड बनाने का प्रयास किए। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष बसना रुक्मणी पटेल व कार्यक्रम की अध्यक्षता सावित्री पटेल (महिला संयोजिका), विशिष्ट अतिथियों में सीता पटेल, मंजुलता पटेल, विलेश पटेल, देव कुमारी पटेल उपस्थित थी। कार्यक्रम में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को जनपद सदस्य राधा नायक व चौधरी सेल्स चंडीभौना के द्वारा इनाम दिया गया।

अघरिया समाज की महिला मंच द्वारा पार्थिव शिव लिंग बनाने प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में सरायपाली ब्लॉक के अघरिया समाज की महिलाएं शामिल हुई। नई मंडी प्रांगण में आयोजित इस प्रतियोगिता की शुरुआत 10 बजे से प्रारंभ हुई और लगभग 4 बजे तक चली।



